

## बीसीसीआई ने अर्जुन अवार्ड पाने पर पूनम यादव और रविंद्र जडेजा को दी बधाई

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। बीसीसीआई ने अर्जुन पुरस्कार पाने वाले क्रिकेटर रविंद्र जडेजा और स्पिनर पूनम यादव को बधाई देते हुए लगातार अच्छे प्रदर्शन के लिए उनकी तारीफ की है। पूनम को गुरुवार को राष्ट्रपति भवन में हुए समारोह में राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने पुरस्कार प्रदान किया जबकि जडेजा वेस्ट इंडीज दौरे पर भारतीय टीम के साथ होने के कारण समारोह में नहीं आ सके। बीसीसीआई का संचालन कर रही तीन सदस्यीय प्रशासकों की समिति के प्रमुख विनोद राय ने कहा कि दोनों क्रिकेटरों ने अपने प्रदर्शन से नए मानक कायम किए हैं।

महिला टीम की पूर्व कप्तान और सीओए सदस्य डायना एडुल्जी ने कहा, ‘पूनम लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रही है। उसने 2018 में टी20 क्रिकेट में 35 विकेट लिए जो एक रेकॉर्ड है । मैं रविंद्र जडेजा को भी उनके हरफनमौला प्रदर्शन के लिए बधाई देती हूं।

# धोनी को नजरअंदाज करने का सवाल ही नहीं उठता

## धौनी ने वर्ल्ड टी20 के लिए टीम तैयार होने का वक्त दिया

**सवाल**

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। गुरुवार को चयनकर्ताओं ने साउथ अफ्रीका के खिलाफ अगले महीने होने वाली टी20 इंटरनैशनल सीरीज के लिए भारतीय टीम का ऐलान किया। पूर्व कप्तान और दिग्गज विकेटकीपर महेंद्र सिंह धोनी का नाम इस इस टीम में शामिल नहीं था। इसके बाद क्रिकेट पंडितों ने यह कयास लगाने शुरू कर दिए कि क्या धोनी को नजरअंदाज किया गया है और अब उन्हें विदाई देने का समय आ गया है।

इन सब विवादों को विराम देते हुए एक राष्ट्रीय चयनकर्ता ने कहा कि धोनी ने अगले साल ऑस्ट्रेलिया में होने वाले वर्ल्ड टी20 के लिए टीम तैयार होने का वक्त दिया है। उन्होंने कहा कि धोनी ने वादा किया है कि वह अपने करियर पर तभी फैसला लेंगे जब टीम का भविष्य सफल हाथों में होगा और चयनकर्ता इस बात को लेकर आश्वस्त होंगे कि विकेटकीपिंग विभाग में उनके पास पर्याप्त विकल्प मौजूद हैं। चयनकर्ता ने कहा कि वह यह देखकर हैरान हैं कि धोनी की टीम में जगह को लेकर कैसे रोज चर्चा होती रहती है। उन्होंने कहा कि अब वक्त आ गया है कि इन सब अफवाहों को अब आराम दिया जाए क्योंकि एक टीम प्लेयर होने के नाते धोनी कभी सामने आकर इस मुद्दे पर बात नहीं करेंगे।

बल्कि धोनी ने हमें भविष्य के लिए टाइम दिया है ताकि हम अगले साल होने वाले वर्ल्ड टी20 को ध्यान में रखते हुए योजना तैयार कर सकें। उन्हें इस बात का अहसास है कि लोगों की राय से पहले टीम आती है। हम भी इस बात को समझते हैं कि अगर ऋषभ पंत चोटिल हो जाते हैं तो हमारे पास छोटे प्रारूप में उनका सही विकल्प मौजूद नहीं है। धोनी ने इस वजह से अभी कुछ वक्त इंतजार करने का फैसला किया है। इस समय उन्हें इग्नोर करने का कोई सवाल नहीं है। इसके साथ ही वेस्ट इंडीज दौरे से पहले उन्होंने दो महीने का ब्रेक लिया था, मुझे लगता है कि हम सब इतना हिसाब तो लगा ही सकते हैं।

सिलेक्टर ने यह भी साफ किया वर्ल्ड कप 2019 के बाद धोनी से उनके भविष्य को लेकर कोई बात नहीं की गई है। उन्होंने कहा, नहीं, हमने अभी तक उनके साथ बैठकर कोई बात नहीं की है। इसी वजह से उन्होंने हमें कुछ वक्त दिया है ताकि हम भविष्य को लेकर योजनाएं तैयार कर सकें और विकल्पों पर गौर कर सकें। अगर ऋषभ पंत चोटिल हो जाते हैं और किसी वजह से वर्ल्ड टी20 का हिस्सा नहीं हो पाते तो धोनी के बिना हमारे लिए तस्वीर बहुत अच्छी नजर नहीं आती।



**कब से खेली जाएगी टी20 इंटरनैशनल सीरीज**

भारत और साउथ अफ्रीका के बीच तीन टी20 इंटरनैशनल मैचों की सीरीज का आगाज 15 सितबंर से होगा। सीरीज का पहला मैच धर्मशाला में खेला जाएगा। इसके बाद दूसरा टी20 इंटरनैशनल मैच 18 सितंबर को पंजाब क्रिकेट असोसिएशन, मोहाली में खेला जाएगा। सीरीज का तीसरा और आखिरी मैच 22 सितंबर से बेंगलुरु में खेला जाएगा। इसके बाद तीन टेस्ट मैचों की सीरीज खेली जाएगी। जिसकी शुरुआत 2 अक्टूबर से विशाखापत्तनम में खेला जाएगा।

# हरभजन ने की कड़ी कार्रवाई की मांग, बोले- खुद भगवान न बनें

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

■पाक में सिख लड़की के जबरन धर्म परिवर्तन की घटना पर देशभर में गुस्सा

नई दिल्ली। पाकिस्तान में सिख लड़की को अगवा कर उसे जबरन धर्म परिवर्तन के लिए मजबूर करने की घटना सामने आई है। इस मामले में देश ही नहीं दुनियाभर के लोगों में गुस्सा भरा हुआ है। दुनियाभर से लोग इस घटना का विरोध कर रहे हैं।

पंजाब के मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह, केंद्रीय मंत्री हरसिमरत कौर बादल जैसे कई नेताओं ने इस घटना पर विरोध जताते हुए पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान से तुरंत कार्रवाई करने के लिए कहा है।

**हरभजन सिंह ने जताई नाराजगी**

क्रिकेटर हरभजन सिंह ने भी इस मामले का विरोध किया है। उन्होंने अपने ऑफिशल ट्विटर अकाउंट से कैप्टन अमरिंदर सिंह का ट्वीट रीट्वीट करते हुए लिखा, ‘इसे यहीं रोकने की जरूरत है। हर धर्म खूबसूरत है। किसी व्यक्ति को धर्म परिवर्तन के लिए बाध्य न करें। भगवान एक है। केवल भगवान को फैसला लेने दें कि हमें किस धर्म में पैदा करना है। खुद भगवान बनने की कोशिश न करें। इस मामले में सख्त से सख्त कार्रवाई करने की जरूरत है।

**क्या है मामलाः** पाकिस्तान में गुरु नानक देव की 550वीं जयंती



से पहले गुरुद्वारे में ग्रंथी के तौर पर सेवा देने वाले एक शख्स की बेटी का अपहरण कर उसका जबरन धर्मांतरण और निकाह कराने का मामला सामने आया था। पाकिस्तान में धर्मांतरण का यह पहला मामला नहीं है।

अक्सर पाकिस्तान से ऐसे मामले सामने आते हैं जब हिन्दू, सिख या ईसाई लड़कियों का जरबदस्ती धर्म परिवर्तन करवाकर उसकी शादी मुस्लिम युवक से कराई जाती है।

## अंबाती रायडू ने संन्यास का फैसला लिया वापस

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। क्रिकेट से संन्यास लेने के करीब दो महीने बाद ही अंबाती रायडू ने खेल में वापसी करने का फैसला लिया है। 33 वर्षीय रायडू ने एचसीए को पत्र लिखकर कहा कि भावुक होकर उन्होंने क्रिकेट से संन्यास लेने का निर्णय लिया था और अब चयन के लिए उपलब्ध हैं।

**भावुक होकर लिया था फैसलाः** एचसीए के सीओए को गुरुवार को भेजे गए ई–मेल में रायडू ने लिखा, ‘मैं आपके ध्यान में लाना चाहता हूं कि मैं संन्यास से वापस आकर सभी प्रारूपों में क्रिकेट खेलना चाहूंगा।’ रायडू ने कहा, मैं चैन्ने सुपर किंग्स, वीवीएस लक्ष्मण और नोएल डेविड का शुक्रिया अदा करना चाहता हूं, जो कठिन समय के दौरान मेरे सहयोगी रहे हैं और मुझे यह एहसास दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है कि मेरे पास अभी काफी क्रिकेट बाकी है। उन्होंने कहा, मैं हैदराबाद की टीम के साथ एक शानदार सीजन के लिए उत्साहित हूं और टीम को उसकी पूरी क्षमता का एहसास कराने में मदद कर रहा हूं। हैदराबाद टीम में शामिल होने के लिए मैं 10 सितंबर से उपलब्ध रहूंगा।

## न्यूज डायरी



पीआर श्रीजेश।

### बेल्जियम के सफल दौरे से ओलिंपिक क्वॉलिफायर से पहले आत्मविश्वास बढ़ेगा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। अनुभवी गोलकीपर पीआर श्रीजेश का मानना है कि ओलिंपिक क्वॉलिफायर से पहले दुनिया की दूसरे नंबर की टीम बेल्जियम के खिलाफ खेलने से भारतीय हॉकी टीम का मनोबल बढ़ेगा। भारतीय टीम ने हाल ही में तोक्यो में ओलिंपिक टेस्ट टूर्नमेंट में न्यू जीलैंड को हराकर खिताब जीता। दुनिया की पांचवें नंबर की भारतीय टीम सितंबर में बेल्जियम का दौरा करेगी जबकि ओलिंपिक क्वॉलिफायर नवंबर में खेले जाने हैं। श्रीजेश ने कहा, ‘बेल्जियम दौरा काफी अहम है। वह दुनिया की दूसरे नंबर की टीम है और अगर हम उसके खिलाफ अच्छा खेल सके तो हमारा आत्मविश्वास काफी बढ़ेगा। उम्मीद है कि हम उन्हें उनकी धरती पर हरा सकेंगे।’

उन्होंने ओलिंपिक टेस्ट टूर्नमेंट में मिली सफलता के बारे में कहा, ‘पिछले कुछ महीने में टीम का प्रदर्शन शानदार रहा है। ओलिंपिक टेस्ट टूर्नमेंट में मिली सफलता ने साबित कर दिया कि हमारी बेंच स्ट्रेंथ भी शानदार है। टीम में बेहतरीन संतुलन है और हमें ओलिंपिक के लिए क्वॉलिफाइ करने का यकीन है।’




### क्ले कोर्ट का महारथी बनना चाहते हैं फेडरर से तारीफ पाने वाले नागल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। रोजर फेडरर जैसे दिग्गज के सामने ग्रैंड स्लैम पदार्पण करना और पहले ही मैच में उनसे एक सेट जीतकर सनसनी फैला देने वाले भारत के 21 साल के खिलाड़ी सुमित नागल के लिए यह मैच आंख खोलने वाला रहा। इससे सुमित को पता चला कि शीर्ष स्तर पर लगातार खेलने के लिए उन्हें कितना कुछ करना है। सुमित अब अपने खेल और उसकी कमियों से ज्यादा अच्छे से वाकिफ हो गए हैं और लगातार सुधार करते हुए क्ले कोर्ट का महारथी बनना चाहते हैं। सुमित ने साल के चौथे एवं आखिरी ग्रैंड स्लैम अमेरिका ओपन के पहले दौर के मैच में पहले सेट में फेडरर को 6–4 से हराया। वह हालांकि मैच हार गए सुमित का हालांकि पहला सेट जीतना हर तरफ से तारीफें लेकर आया और कोर्ट पर भी भारतीय खिलाड़ी ने अपने नाम की गूंज सुनी। उनकी तारीफ करने वालो में फेडरर भी शामिल हैं। फेडरर ने कहा था कि सुमित लम्बी रेस का घोड़ा हैं। सुमित ने फोन पर आईएएनएस से बातचीत में फेडरर के साथ हुए मैच के अपने अनुभव के बारे में बात की और साथ ही यह भी बताया कि उनका पसंदीदा कोर्ट क्ले है और इस पर महारत हासिल करना चाहते हैं।

### त्वेसा मलिक ने हीरो महिला पीजीटी में तीसरा खिताब जीता

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** गुरुग्राम। भारतीय गोल्फर त्वेसा मलिक ने शुक्रवार को हीरो महिला प्रो गोल्फ टूर के 13वें चरण में रोमांचक जीत के साथ तीसरा खिताब अपनी झोली में डाला। इस तरह वह हीरो महिला इंडिया ओपन के लिये अच्छी तरह तैयार हैं जो इसी कोर्स में तीन से छह अक्टूबर तक खेला जायेगा। त्वेसा अंत के दो होल में बीती रात शीर्ष पर चल रही दीक्षा डागर से एक शाट से पिछड़ रही थीं, लेकिन उन्होंने कोई गलती नहीं की और खिताब जीतने में सफल रही। त्वेसा ने अंतिम दिन दो ओवर 74 का कार्ड खेला जिससे उनका कुल स्कोर एक ओवर 217 रहा। उनके अलावा रिद्धिमा दिलावड़ी ही इस साल तीन खिताब जीत पायी हैं। रिद्धिमा और दीक्षा संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर रहीं।